प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री कल जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के तहत दो करोड़ नये घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे, झारखंड के लगभग बीस हजार लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र का करेंगे वितरण।**
2. **श्री मोदी टाटानगर स्टेशन से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखायेंगे हरी झंडी, जनसभा और रोड शो भी करेंगे।**
3. **बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित यादव, गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा और पूर्व डीएसपी नवनीत हेम्ब्रम आज भाजपा में होंगे शामिल।**
4. **देशभर में आज मनाया जा रहा है हिंदी दिवस, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित।**

5. **रांची समेत राज्यभर में आज प्रकृति पर्व करमा की धूम, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर में झारखंड के एक लाख तेरह हजार से अधिक लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। नयी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में लगभग बीस हजार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने झारखंड में पीएम आवास योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में एक लाख तेरह हजार आवासों में से राज्य सरकार ने अब तक मात्र 20 हजार आवास का निर्माण ही पूरा कराया है।

****

श्री मोदी कल झारखण्ड के टाटा नगर स्टेशन से छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन एक्सप्रेस रेलगाडियों को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर समारोह के दौरान रवाना किया जाएगा। इसके अलावा, झारखण्ड में कई रेल परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री जमशेदपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। सभा से पहले, प्रधानमंत्री वोल्टास गोलचक्कर से गोपाल मैदान तक लगभग डेढ किलोमीटर लंबा रोड–शो भी करेंगे।

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का प्रस्तावित दो दिवसीय झारखंड दौरा अपरिहार्य कारणों से रद्द हो गया है। वे आज टाटा नगर स्टेशन पर कल आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने वाले थे।

****

राज्य में भाजपा की ओर से 20 सितंबर से परिवर्तन संकल्प यात्रा शुरु की जायेगी। इसकी शुरुआत साहिबगंज जिले के भोगनाडीह से होगी। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए साहिबगंज जिला मुख्यालय में भाजपा की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद राजमहल के विधायक अनंत ओझा ने कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे।

****

बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित यादव, गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा और पूर्व डीएसपी नवनीत हेम्ब्रम आज भाजपा में शामिल होंगे। दोपहर बाद रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी जायेगी। मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के भी मौजूद रहने की संभावना है।

****

देश भर में आज हिन्दी दिवस आज मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं देश का गौरव और विरासत हैं तथा इन्हें समृद्ध किए बिना प्रगति सम्भव नहीं है।

****

बोकारो जिले में आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल– सीआरपीएफ की ओर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गयी। पहले दिन बोकारो इस्पात नगर के सिटी पार्क स्थित शहीद उद्यान की साफ सफाई की गई। अभियान में सीआरपीएफ के डीआईजी राजीव रंजन भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह अभियान दो अक्टूबर के बाद भी जारी रहेगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में लोगों को जाम से निजात दिलाने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है।

****

रांची समेत राज्य भर में आज प्रकृति पर्व करमा श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। रांची और आसपास स्थित अखरा में पूजा–अर्चना की जा रही है। इस दौरान बहनें अपने भाई की सुख–समृद्धि के लिए उपवास पर हैं। इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कल भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****